प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 29.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **छठ पूजा के बाद यात्रियों की सुरक्षित वापसी के लिए भारतीय रेलवे की विशेष तैयारी, 12 हजार से ज़्यादा विशेष ट्रेनें, 12 लाख से अधिक कर्मचारी चौबीसों घंटे कार्यरत।**
2. **केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी परिसर में देंगे सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान, व्याख्यान की रिकॉर्डिंग सरदार पटेल जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को होगी प्रसारित।**
3. **कोल्हान बंद का चाईबासा और आसपास के इलाकों में मिला–जुला असर, प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल किया तैनात।**
4. **दुमका पुलिस ने ट्रेन यात्रियों के मोबाइल–लैपटॉप चुराने वाले युवक को किया गिरफ्तार, 21 मोबाइल और एक लैपटॉप हुआ बरामद।**
5. **मौसम विभाग ने 31 अक्टूबर तक येलो अलर्ट किया जारी, चक्रवाती तूफान 'मोंथा' से राज्य में बारिश और तेज हवाओं की जताई संभावना।**

और अब समाचार विस्तार से

****

भारतीय रेलवे ने कहा है कि छठ पूजा के बाद यात्रियों की सुरक्षित, आरामदायक और समय पर वापसी सुनिश्चित करने के लिए 12 लाख से ज़्यादा रेल कर्मचारी चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। रेल मंत्रालय ने बताया कि यात्रियों के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है और त्योहारों के दौरान सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 12 हज़ार से ज़्यादा विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। मंत्रालय ने बताया कि भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं से युक्त होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मुंबई में भारत समुद्री सप्ताह 2025 में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में 85 से अधिक देश शामिल हो रहे हैं। हमारी संवाददाता ने बताया है कि इस आयोजन में एक लाख से ज़्यादा प्रतिनिधि और 500 से ज़्यादा प्रदर्शक भी भाग ले रहे हैं। एक रिपोर्ट–

****

केंद्रीय श्रम, रोजगार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी परिसर में शाम पांच बजे इस वर्ष का सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान देंगे। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस व्याख्यान की रिकॉर्डिंग 31 अक्तूबर को सरदार पटेल की जयंती अवसर पर आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित की जाएगी।

****

कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी आज नई दिल्ली में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 14वें चरण का शुभारंभ करेंगे। एक रिपोर्ट–

****

भाजपा और आदिवासी संगठनों द्वारा आहूत कोल्हान बंद का आज चाईबासा और आसपास के इलाकों में मिला जुला असर देखा गया। पूर्व मंत्री बड़कुवर गागराई, मधु कोड़ा और गीता कोड़ा सहित भाजपा नेताओं ने बंद में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और पूरे क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

****

चाईबासा में हुए लाठीचार्ज को लेकर चंपई सोरेन के नेतृत्व में आहूत कोल्हान बन्द का असर जमशेदपर में नहीं दिखा। सामान्य दिनों की तरह यहां सड़कों पर गाड़िया दौड़ती रहीं और सभी प्रतिष्ठान खुले रहें।

****

दुमका पुलिस ने ट्रेन यात्रियों के मोबाइल और लैपटॉप चोरी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है और उसके कमरे से 21 मोबाइल, एक लैपटॉप और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी पिछले पांच माह से दुमका और ट्रेन में भी लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

****

सिमडेगा जिला आयुष समिति की ओर से जगह–जगह शिविरों का आयोजन कर लोगों के स्वास्थ्य जांच की जा रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

घरेलू शेयर बाजार में आज दोपहर के कारोबार में बढत का रूख रहा। अब से कुछ देर पहले सेंसेक्स 312 अंक बढकर 84 हजार 940 पर और निफ्टी 110 अंक बढकर 26 हजार 46 पर पहुंच गया।

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 11 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 54 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

- 'सरायकेला–खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सरकारी अनाज गोदाम में आज सुबह आग लगने से लाखों रुपए मूल्य का अनाज जलकर नष्ट हो गया। आग बुझाने के दौरान एजीएम अभिषेक हाजरा गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें टीएमएच जमशेदपुर में भर्ती कराया गया है।
- ' तख्त श्री हजूर साहिब से लौट रही कोलकाता की सिख संगत का टाटानगर रेलवे स्टेशन पर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने स्वागत किया। सरदार गंगा सिंह और राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में आए 225 श्रद्धालुओं के जत्थे के लिए गुरु का लंगर और विशेष व्यवस्था की गई।

****

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से राज्य में 31 अक्टूबर तक भारी बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई है। आज रांची और आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश से ठंड बढ़ गई है।

****

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टी–20 क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच आज कैनबरा में मनुका ओवल में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद एक बजकर 45 मिनट पर शुरू होगा।

****